पेज थ्री
देहरादून

देहरादून, बृहस्पतिवार, 9 सितंबर 2021



आशीर्वाद यात्रा के तहत नैनीताल पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### 10 हजार रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि का जीओ जारी

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारी/लेखपाल/राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार को 10 हजार रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि का शासनादेश जारी कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र के दौरान राजस्व विभाग के अन्तर्गत कार्यरत पटवारी लेखपाल/राजस्व निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार को कोविड–19 में उनके द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्यों एवं सेवाओं के लिये 10 हजार रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दिये जाने की घोषणा की थी। इसके लिये 1 करोड़ 37 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

### हिमालय के संरक्षण की पहली जिम्मेदारी भी हम सब की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालय दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि हिमालय हमारे जीवन के सरोकारों से गहनता से जुड़ा हुआ है, अतः हिमालय के संरक्षण की पहली जिम्मेदारी भी हम सब की है। हिमालय संरक्षण के लिए इस क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, नदियों एवं वनों का भी संरक्षण आवश्यक है, इसीलिए जल संरक्षण, संवर्धन तथा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

### आनलाइन धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपित गिरफ्तारं

**संवाददाता** विकासनगर। पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर आमजन से आनलाइन धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपित को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया, जबकि तीन को देहरादून से दबोचा। इनके कब्जे से कई एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, पासबुक बरामद किए। पंकज कुमार मालवीय पुत्र चन्द्रधेश मालवीय हाल निवासी राजा रोड सेलाकुई दून ने चार सितंबर को पुलिस में तहरीर दी।


### अमेजन इंडिया ने त्योहारों से पहले दून में नया डिलीवरी स्टेशन किया शुरू

**संवाददाता** देहरादून। आज अमेजन इंडिया ने देहरादून, उत्तराखंड में एक नए डिलीवरी स्टेशन के लॉन्च की घोषणा की। 10,000 वर्गफीट में फैला यह नया स्टेशन अमेजन को देहरादून में अंतिम छोर तक अपने डिलीवरी नेटवर्क को मजबूत बनाने और आगामी त्योहारों से पूर्व तीव्र डिलीवरी सुनिश्चित करने में मदद करेगा। इस डिलीवरी स्टेशन द्वारा सारे शहर में और जोगीवाला, हर्रावाला और नकरौंडा रोड आदि क्षेत्रों में ग्राहकों के ऑर्डर की सुगम डिलीवरी संभव हो सकेगी।

# योग के साथ ही खेलों को भी दिया जा रहा है बढ़ावा

**वेबिनार कार्यक्रम**

■ सीएम ने सूर्य नमस्कार देवभूमि परंपरा का अद्भुत उपहार विषय पर वेबिनार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि किया प्रतिभाग



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवयोग सेवा समिति, CCRYN आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नमस्कार देवभूमि परंपरा का अद्भुत उपहार विषय पर आयोजित वेबिनार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सूर्य नमस्कार भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार सूर्य देव की उपासना करने से व्यक्ति का शरीर निरोगी रहता है और घर में सुख–शांति का वास बना रहता है। हम सूर्य नमस्कार के माध्यम से सूर्य उपासना कर निरोगी रह सकते हैं। सूर्य नमस्कार के अभ्यास से विभिन्न आसनो से मन और आत्मा सबल होते हैं। योग करने का मकसद आत्मज्ञान की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की शारीरिक परेशानियों को दूर करना है।

पीएम स्वयं को चुस्त–दुरुस्त रखने के लिए ध्यान और योग का सहारा लेते हैं। उनका सबसे पसंदीदा आसन सूर्य नमस्कार है। सूर्य नमस्कार के फायदे बताने के लिए प्रधानमंत्री जी ने एनिमेटेड योग की सीरीज भी शुरू की है। जिसमें वे सूर्य नमस्कार करते हुए दिखाई देते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा योग के साथ ही खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर को अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय बनाने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश में 8 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु के 50–50 बालक बालिकाओं को उनकी खेल प्रतिभा के अनुसार चिन्हित कर उन्हें प्रति वर्ष मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। खिलाड़ियों का दैनिक भत्ता बढ़ाया जाएगा। महिला खिलाड़ियों के खेल कौशल विकास हेतु जनपद उधमसिंह नगर में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित किया जाएगा। नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को उत्तराखंड राज्य परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। महाविद्यालयों/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 5 प्रतिशत का उत्कृष्ट खिलाड़ी खेल कोटा प्रदान किया जाएगा। खेलो इण्डिया योजना के अन्तर्गत खेलो इण्डिया स्टेट लेवल सेंटर एवं स्पोर्टस साइंस सेंटर का देहरादून में निर्माण किया जाएगा। उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों में न्यूनतम एक स्पोर्ट्स सेंटर स्थापित किया जायेगा।

इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से अंतरराष्ट्रीय राम कथा वाचक परम पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय प्रो. ओम प्रकाश नेगी, प्रो. महेश प्रसाद सिलोड़ी, नवयोग सूर्यादय सेवा समिति के संरक्षक डा. देवी दत्त जोशी एवं डॉ. नवदीप जोशी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यो हेतु दी 3154 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश भर में अलग योजनाओं और विकास कार्य के लिए 3154 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा क्षेत्र रूड़की के अन्तर्गत महावीर एन्क्लेव की आंतरिक सड़कों का सी०सी० इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सड़क व नाली निर्माण कार्य हेतु रूपये 48.22 लाख, विधानसभा क्षेत्र रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत धरासू कोटी घरेड़ा मोटर मार्ग का डामरीकरण हेतु 156.21 लाख रुपये, विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 473.50 लाख रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है. इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत विभिन्न 06 निर्माण कार्यों हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 407.83 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति, विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 90.21 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति की गई है। विधानसभा क्षेत्र रुद्रप्रयाग के विकासखण्ड जखोली में पौंठी के हियूना तोक होते हुये तल्ली पैंठी तक मोटर मार्ग हेतु 49.24 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# सरकार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लगातार कर रही प्रयास

**स्वीकृति**

■ मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए दी 55.75 करोड़ रूपये की स्वीकृति

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लगातार प्रयास कर रही है। राज्य के महिला स्वयं सहायता समूहों को कोरोना के प्रतिकूल प्रभाव से उबारने के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने तकरीबन 55.75 करोड़ रूपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की है।

असंगठित ग्रामीण महिलाओं को संगठित करने और उन्हें स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से राज्य में 'मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना' संचालित की जा रही है।

सरकार महिलाओं को समूह में छोटी–छोटी बचत करने तथा अपनी छोटी–मोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए समूह में ही न्यूनतम दर पर लेन–देन हेतु सक्षम बनाने में सहयोग प्रदान कर रही है। लेकिन पिछले दो सालों से कोरोना महामारी का प्रभाव इन समूहों की व्यवसायिक गतिविधियों पर भी पड़ा है।

हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला स्वयं सहायता समूहों और राज्य सरकार की स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को 118 करोड़ 35 लाख रुपये की राशि का राहत पैकेज घोषित किया था।

आयुक्त ग्राम्य विकास आनंद स्वरूप ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषित राहत पैकेज से 42989 महिला स्वयं सहायता समूहों को छह माह के लिए दो–दो हजार रुपये की दर से सहायता राशि दिया जाना, 30365 महिला स्वयं सहायता समूहों को पिछले वित्तीय वर्ष में लिये गए बैंक ऋण के ब्याज की प्रतिपूर्ति करना और 159 क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) को एकमुश्त 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देना शामिल है। इसके लिए कुल 84 करोड़ का बजट चाहिए जिसमें से मुख्यमंत्री जी ने फिलहाल 55.75 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

**पहाड़ की लाखों महिलाएं जुड़ी हुई हैः सीएम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसमें से महिला स्वयं सहायता समूहों की सहायता के लिए 55.75 करोड़ का बजट जारी कर दिया है। उनका कहना है कि सूबे की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में स्वयं सहायता समूहों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। इनसे मुख्य रूप से पहाड़ की लाखों महिलाएं जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर हाल में महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करती रहेगी।

### सीएम ने एक अरब के प्रोजेक्ट का किया शिलान्यास व लोकार्पण

**संवाददाता** देहरादून/नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जन आशीर्वाद यात्रा के अंतर्गत नैनीताल पहुंच गए हैं। हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं की ओर से तल्लीताल से वाहन रैली के माध्यम से उन्हें कार्यक्रम स्थल पंत पार्क मल्लीताल लाया गया। सीएम ने कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत, जिला प्रभारी मंत्री यशपाल आर्य, विधायक संजीव आर्य के साथ भारत रत्न जीबी पंत की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने एवरेस्ट विजेता शीतल राज के नेतृत्व में आदि कैलास की चोटी के लिए बेटियों के दल को फ्लैग ऑफ किया। इसके साथ मुख्यमंत्री ने यहां एक अरब से अधिक योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इन प्रोजेक्ट में नैनीताल की बाजारों का कुमाउंनी शैली में सुदृढ़ीकरण, बलियानाला ट्रीटमेंट समेत अन्य कार्य प्रमुख हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।